तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 7 मई 2025

खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार

4 तमनार में सुशासन तिहार समाधान शिविर में सांसद राठिया हुए शामिल



## खबर संक्षेप

### मीलुपारा के किसान समूह को मिला उपकरण

**रायगढ़।** जिले तमनार ब्लॉक में अदाणी फाउंडेशन की सतत आजीविका पहल क्षेत्र के किसानों और युवाओं के लिए वरदान साबित हो रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में गारे पेल्मा 3 कॉलरी लिमिटेड की सामाजिक सहभागिता के अंतर्गत पास के ग्राम मीलुपारा के आदिवासी किसान जय बुढा देव किसान समूह को एक वीडर और पांच स्प्रेयर मशीनें प्रदान की गई हैं। इस पहल का उद्देश्य किसानों को खेती में आ रही परेशानियों को कम करना और समूह की आय में वृद्धि करना है। यह किसान समूह पिछले 23 वर्षों से सामूहिक रूप से खेती कर रहा है। अदाणी फाउंडेशन द्वारा प्रदान किए गए ये कृषि उपकरण किसानों को समय की बचत करने और उनके काम को आसान बनाने में मदद करेंगे। इस प्रयास से किसान समूह को न केवल सशक्त बनाया जा रहा हैए बल्कि समूह की आय में भी वृद्धि की संभावना है। पिछले साल अदाणी फाउंडेशन ने 11 किसानों को पानी की व्यवस्था के लिए बोरवेल और सब्जियों के बीज भी उपलब्ध कराए थे।

### डेंगू नियंत्रण के संबध में एडवायजरी जारी

**रायगढ़।** आगामी बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अनिल कुमार जगत द्वारा डेंगू के रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु एडवायजरी जारी करते हुए उसके लक्षण एवं रोकथाम व उपाय के संबंध में जानकारी दी गई। डेंगु के लक्षण अचानक तेज सिर दर्द व तेज बुखार मांसपेशियों तथा जोड़ो में दर्द होना, आँखो के पीछे दर्द होना, जो कि आँखो को घुमाने से बढ़ता है, जी मिचलाना एवं उल्टी होना, गंभीर मामलों में नाक, मुँह, मसूड़ों से खून आना, त्वचा पर चकते उभरना। रोकथाम व बचाव के उपाय एडीज मच्छर स्थिर एवं साफ पानी में पैदा होते हैं। कूलर, पानी की टंकी, पक्षियों के पीने के पानी का बर्तन एफ्रिज की ट्रे, नारियल का खोल, टूटे हुए बर्तन व टावरों में पानी जमा न होने दें, घरों के दरवाजे व खिड़कियों में जाली परदे लगाए फूल आस्तीन के कपड़े पहनें, मच्छरदानी का उपयोग करें।

### जनदर्शन में पहुंचे आवेदकों ने बताई अपनी समस्या

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कलेक्टर चेंबर के बाहर प्रतीक्षा कक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में बारी-बारी से जिले के आवेदकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दिन तहसील पुसौर के ग्राम.बुनगा निवासी दिलीप साहू भू.अधिकार में नक्शा त्रुटि सुधार के संबंध में आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि वे एसडीएम कार्यालय, रायगढ़ में नक्शा त्रुटि सुधार हेतु आवेदन लगाए थे। जिसका निराकरण आज तक नहीं हो पाया है और उक्त प्रकरण को बंद कर दिया गया है। पुनः आवेदन लगाने पर एसडीएम कार्यालय में पदस्थ कर्मचारी के द्वारा आवेदन लेने से मना कर दिया गया है। उन्होंने नक्शा सुधार करवाने हेतु कलेक्टर से आग्रह किया।

# बीमार गाय की तड़प से पसीजा दिल, तब से गायों की सुरक्षा का लिया संकल्प

अलग खबर

जितेन्द्र मेहर ⏭ रायगढ़

2019 में बनी विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल गौ सेवा समिति निस्वार्थ रूप से गायों की सेवा कर रही है। उनके इस नेक कार्य की चहुंओर प्रशंसा हो रही है। कहानी तब शुरू हुई जब संस्था के सदस्यों ने बीमार से तड़पती गाय को बदहवाश हालात में देखा। तभी से उन्होंने गायों की सुरक्षा का संकल्प लिया और समिति बना कर सफर शुरू किया। टीम द्वारा अब तक 2 हजार से अधिक गायों का रेस्क्यू किया जा चुका है और सिलसिला अभी भी जारी है।

दरअसल साल 2019 में सर्किट हाउस के पास क्षत्रपित शिवाजी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। यह कार्यक्रम विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के तत्वाधान में ही हो रहा था। तभी संगठन के सदस्यों ने पास में ही एक गाय को बीमार से तड़पते देखा। चूंकि हिन्दू धर्म में गायों को मां का दर्जा दिया गया है तो इस दृश्य ने सबके दिल को झकझोर कर रख दिया। उनका दिल इस कदर पसीजा की संगठन के युवाओं ने तत्काल पशु चिकित्सालय से डॉक्टरों की टीम को बुला कर बीमार गाय का इलाज कराया। इस कार्य से उन्हें काफी सुकून मिला और उन्होंने उसी दिन ही गायों की सुरक्षा का संकल्प लिया।





**शहरवासी भी करते हैं मदद**

गायों की सुरक्षा और उनके इलाज के लिए शहरवासी भी प्रतिदिन मदद करते हैं। समिति द्वारा शहर के दुकानों, मेडिकल स्टोर्स सहित अन्य स्थानों पर करीब 50 गाय गुल्लक छोड़ा गया है। जिससे इन स्थानों पर पहुंचने वाले लोग स्वेच्छा से गुल्लक में दान स्वरूप सहयोग राशि देते हैं। समिति के सदस्य बिंदू सागर की मानें तो गायों के उपर प्रतिमाह 5 से 6 हजार रुपए खर्च आता है जोकि इन गुल्लकों से हो जाता है। वहीं पूर्ति नहीं होने पर समिति के सदस्य इसे पूरा करते हैं।

इसके लिए एक अलग से गौ सेवा समिति बनाई गई, जिसमें युवाओं की टोली जुड़ती गई और कारवां बनता गया।

2019 से लेकर अब तक समिति द्वारा 2 हजार से अधिक गायों का रेस्क्यू कर उनका इलाज कराया गया है, वहीं यह सिलसिला निरंतर जारी है। गाय, बैल, नंदी, जिले में कहीं भी कभी भी दुर्घटना में घायल हों, बीमार हो या फिर उन्हें कोई परेशानी हो तो सूचना पर समिति के सदस्य तत्काल एक्शन लेते हैं और उनकी सुरक्षा में लग जाते हैं।

### भगवती गौशाला से लेते हैं मदद

कई बार रेस्क्यू के दौरान गायें मौके पर ही ठीक हो जाती हैं तो उन्हें सुरक्षित छोड़ दिया जाता है। वहीं कई बार उनका लंबा इलाज चलने पर इमरजेंसी में समिति द्वारा निकले महादेव मंदिर के आगे स्थित भगवती गौ शाला से मदद ली जाती है। यहां गायों को रखा जाता है और डॉक्टर्स उनका इलाज करते हैं। इनके पास गायों को गौशाला तक पहुंचाने के लिए एक छोटा हाथी वाहन भी है। जिससे उन्हें ज्यादा परेशानी नहीं होती है।

### कई बार मवेशी तस्करी को किया विफल

गौ सेवा समिति द्वारा सिर्फ गायों की सेवा ही नहीं की जाती, बल्कि उनकी सुरक्षा को लेकर भी समिति के सदस्य एक्टिव रहते हैं। सदस्यों द्वारा कई बार मवेशी तस्करी की सूचना पर संबंधित थानों की पुलिस के साथ तस्करों के मंसूबे पर पानी फेरा गया है। इन्हीं की बदौलत चक्रधरनगर, जूटमिल व कोतरारोड थानों में मवेशी तस्करों के खिलाफ कई बार कानूनी कार्रवाई हुई है।

### दो पशु चिकित्सक भी शामिल

गौ माता के प्रति युवाओं के इस निस्वार्थ भाव को देखते हुए समिति में दो पशु चिकित्सक भी शुरू से जुड़े हुए हैं। जिनमें दुर्गेश पांडेय बोईरदादर व दिव्यांश पांडेय बूढ़ी माई मंदिर शामिल हैं। इनके द्वारा मौके पर जाकर गायों का इलाज किया जाता है।

### काम और पढ़ाई से निकालते हैं समय

वैसे तो समिति में 100 से ज्यादा लोग शामिल हैं, लेकिन 30 लोग हमेशा एक्टिव रह कर सुचारू रूप से काम करते हैं। समिति द्वारा सभी को काम बांट दिया गया है। जब कभी इन्हें इनके बजरंग दल गौ सेवा वाट्सअप ग्रुप में सूचना मिलती है तो ये ग्रुप में ही आपस में डिस्कस करते हैं। इसके बाद अपने-अपने काम और पढ़ाई से समय निकाल कर मौके पर पहुंचते हैं। सोशल मीडिया में फैला हुआ है नंबर वर्तमान में रायगढ़ शहर गौ सेवा प्रमुख कृष्णा शर्मा व रायगढ़ जिला गौ सेवा प्रमुख जयश परमार हैं। सोशल मीडिया ग्रुप में इनका फोन नंबर, कृष्णा शर्मा – 9039514343 व जयश परमार – 7828147373 फैला हुआ है।

**सत्यापन के बाद खुलासा अब तक आधा दर्जन पर अपराध दर्ज**

# भ्रष्टाचार : सालभर में दर्जनभर सहकारी समितियों में हुई करोड़ों की हेराफेरी...

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बीते एक साल में करीब एक दर्जन धान उपार्जन केन्द्रों के प्रबंधक व कम्प्यूटर ऑपरेटर ने मिलीभगत करते हुए करोड़ों रुपए की हेराफेरी को अंजाम दिया। शिकायत होने के पश्चात जब अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर सत्यापन किया, तब इसका खुलासा हुआ। जानकारी के अनुसार अब तक करीब आधा दर्जन मामलों में एफआईआर दर्ज किया जा चुका है। वहीं कुछ मामलों में भी अब भी लिपापोती का खेल चल रहा है। सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले समय में और भी मामलों में अपराध दर्ज होने की संभावना है।

एक ओर जहां एग्रीमेंट तैयार के माध्यम से फर्जी किसानों को लोन दिया जा रहा है और तो और इन्ही फर्जी दस्तावेजों के जरिए बोनस की राशि उन्हें मिल रही है। वहीं दूसरी ओर धान उपार्जन केन्द्रों में भी जमकर गड़बड़ी की गई है। कुछ केन्द्रों में धान की राशि का गबन किया गया है तो कुछ में बारदान के नाम पर शासन को चुना लगाया है। मुख्य बात यह है कि दोनों ही तरफ से लगातार फर्जीवाड़ा देखने को मिल रहा है। हालांकि इन मामलों में कुछ अपराध दर्ज किए गए हैं तो कुछ मामलों में अब भी कोई खास कार्रवाई देखने को नहीं मिली। रायगढ़ जिले में उपार्जन केन्द्रों में कुल करीब 5 से 8 करोड़ की बोगस खरीदी करने के साथ ही गबन किया गया है। अहम बात यह है कि यह शासकीय विभागों द्वारा किए गए सत्यापन में उजागर हुआ। सूत्र बता रहे हैं कि गड़बड़ी इससे अधिक उपार्जन केन्द्रों में हुई है, किंतु वे शासन की नजरों से बचे हुए हैं। ऐसे देखने वाली बात यह है कि आगे और कितने मामले सामने आते हैं।



**सर्वाधिक फर्जीवाड़ा खरसिया व पुसौर में**

जिले के खरसिया और पुसौर विकासखंड में लगभग सभी समितियों में फर्जीवाड़ा हुआ है। पिछले करीब तीन से चार सालों में समितियों को दिए गए ऋण के आंकड़ों पर नजर डालें तो यह सत्यता बयां करते हैं। जैसे लोइंग समिति को वर्ष 2022-23 में 1.43 करोड का ऋण दिया गया था जो वर्ष 2023-24 में दो गुना होकर 3 करोड तक जा पहुंचा। इन समितियों में लोन के नाम पर लगातार फर्जीवाड़ा होता रहा और इस पर कार्रवाई नाम मात्र की भी नहीं हो सकी। लोइंग धान खरीदी केंद्र में 1 हजार 300 क्विंटल धान की कमी मिली है। धान उपार्जन केंद्रों का तीन चरणों में भौतिक सत्यापन करने का आदेश कलेक्टर कार्तिकिया गोयल ने दिया था। सत्यापन के दौरान बारदाने में भी गड़बड़ी मिली है। किसानों के नाम से बिना धान लाए ही बोगस एंट्री कर दी गई है। इसमें प्रबंधक धनेश्वर राठिया और ऑपरेटर की भूमिका संदेहास्पद है।

### धान उपार्जन केन्द्रों में हुई गड़बड़ियों पर एक नजर

**केस 1**

घरघोड़ा के टेंडानवापारा धान उपार्जन केंद्र में 2024-25 में समिति प्रबंधकए कम्प्यूटर ऑपरेटर और भृत्य ने मिलकर यहां 2 करोड़ से ज्यादा के फर्जीवाड़े को को अंजाम दे दिया। दरअसल धान खरीदी का जायजा लेने के लिए संयुक्त टीम मौके पर पहुंचीए जहां उक्त टीम में शामिल फूड इंस्पेक्टर और सहकारिता विस्तार अधिकारी द्वारा उपार्जन केन्द्र टेंडा नवापारा का भौतिक सत्यापन किया गया। जांच के दौरान यह ज्ञात हुआ कि यहां 7 हजार 160 क्विंटल धान ऑनलाइन दर्ज हैए लेकिन मौके पर कुछ नहीं है। जबकि इस धान की कीमत समर्थन मूल्य के हिसाब से करीब 2 करोड़ 21 लाख 94 हजार 760 रुपए है। इसके अलावा यहां 4 हजार 108 नया बारदानाए 426 मिलर्स बारदाना और 1 हजार 854 पीडीएस बारदाना में भी गड़बड़ी की गई है। जिसकी कीमत 5 लाख 70 हजार 500 रुपए है। इस तरह सहायक समिति प्रबंधक, फड़ और बारदाना प्रभारी मनोज कुमार गुप्ता, कम्प्यूटर ऑपरेटर मुकेश यादव और भृत्य दिलीप राठिया ने मिलकर करीब 2 करोड़ 27 लाख 65 हजार 260 रुपए की धोखाधड़ी को अंजाम दिया। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 3,5,ए 316,5ए 318,4 के तहत अपराध दर्ज किया।

**केस 2**

इसी प्रकार का गड़बड़झाला खरसिया के तिउर धान उपार्जन केन्द्र में देखने को मिला। जहां 2 करोड़ 77 लाख 62 हजार 205 रुपए का धान गायब हुआ। यह मामला बीते फरवरी माह का है। इसका भी खुलासा भौतिक सत्यापन में हुआ। भौतिक सत्यापन के दौरान ऑनलाइन खरीदी और तिउर खरीदी केंद्र में उपलब्ध धान का मिलान किया गया। तब 22 हजार 389 बोरी यानी करीब 8 हजार 955 क्विंटल धान कम मिला। वहीं जब ऑनलाईन में उपलब्ध बारदानों की जांच की गई तो उसमें 9 हजार 867 नग नए बारदाने और मिलर्स पुराने बारदाने 6 हजार 376 नग अधिक मिला था। इससे फर्जी तरीके से धान खरीदी होना प्रमाणित हो गया। जिसके बाद खरीदी केंद्र के सहायक समिति प्रबंधक और वहां के कम्प्यूटर ऑपरेटर के खिलाफ धारा 316, 4ए 3,5 के तहत एफआईआर दर्ज किया गया।

**केस 3**

तमनार की समिति में भी प्रबंधक, कम्प्यूटर ऑपरेटर, फड़ प्रभारी व बारदाना प्रभारी की मिलीभगत से करीब 81 लाख रुपए कीमती धान को केन्द्र में लाए बिना ही सॉफ्टवेयर में एंट्री कर ली गई। बीते 15 जनवरी को भौतिक सत्यापन कराया गया, जिसमें केंद्र में 20 हजार 278 क्विंटल धान होना था, लेकिन जांच में करीब 17 हजार 600 क्विंटल ही पाया गया।

### अपराधियों पर लगाम लगाने एसपी ने ली समीक्षा बैठक

**रायगढ़।** जिले में बढते अपराध व अपराधियों पर लगाम लगाने व त्वारित कार्रवाई को लेकर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल ने मंगलवार को पुलिस नियंत्रण कक्ष में समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में सभी पुलिस राजपत्रित अधिकारी, थाना और चौकी प्रभारीगण उपस्थित रहे। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने लंबित अपराध, मर्ग डायरी और शिकायत फाइलों की समीक्षा की और प्रभारियों को इन मामलों के शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। इस समीक्षा बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि सुपरविजन अधिकारी और थाना/चौकी प्रभारी को लंबित प्रकरणों की अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित हों और समाधान की दिशा में ठोस कार्रवाई के साथ अधिक से अधिक लंबित मामलों का निराकरण करना सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक ने 'सुशासन तिहार' अभियान के तहत प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता देते हुए कहा कि सभी शिकायतों का समाधान समयसीमा के भीतर और शिकायतकर्ता की संतुष्टि के अनुसार होना चाहिए। उन्होंने संपत्ति से जुड़े अपराधों तथा सड़क दुर्घटनाओं के विवेचकों से अद्यतन जानकारी लेकर चोरी, नकबजनी की घटनाओं पर प्रभावी रोकथाम के लिए योजनाबद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए।

## माशिवा स्टील में फर्नेस ब्लास्ट होने से मजदूर की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पूंजीपथरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत माशिवा स्टील एंड एलाइज में फर्नेश ब्लास्ट होने से एक मजदूर गंभीर रूप से झुलस गया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना पूंजीपथरा थाना क्षेत्र की है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मूलतः झारखंड के चतरा निवासी उपेन्द्र कुमार भारती पिछले करीब डेढ़ साल से पूंजीपथरा के माशिवा प्लांट में ठेकेदार के अंडर काम कर कर रहा था। सुबह करीब 11.30 बजे उपेन्द्र अपने साथियों के साथ फर्नेश के पास ही काम रहा था। इसी समय यह हादसा हो गया।घटना के बाद आसपास के बाकी मजदूरों के बीच अफरा-तफरी का माहौल हो गया। मामले की जानकारी प्लांट के अधिकारियों को देने के बाद पुलिस को सूचना दी गई। जहां तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजा। इस मामले में पूंजीपथरा थाना प्रभारी राकेश मिश्रा ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर आगे की जांच की जा रही है।

## राज्य ग्रामीण बैंक ने जमा नहीं किया संपत्ति कर, नगर निगम ने की कुर्की



**रायगढ़।** इतवारी बाजार स्थित छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक में मंगलवार को नगर निगम की राजस्व शाखा की टीम ने कुर्की की कार्रवाई की। दरअसल, ग्रामीण बैंक ने वर्ष 2018 से संपत्ति कर का भुगतान नहीं किया था, यही वजह रही कि निगम ने यह कार्रवाई की।

जानकारी के अनुसार इतवारी बाजार स्थित राज्य ग्रामीण बैंक ने बीते करीब 7 साल ने संपत्ति कर जमा नहीं किया था। जिसके कारण नगर निगम ने इस बीच कई बार संपत्ति कर का भुगतान करने को लेकर राज्य ग्रामीण बैंक से पत्राचार किया। किंतु बैंक ने बकाया कर का भुगतान नहीं किया। बताया जा रहा है कि मंगलवार को नगर निगम की राजस्व शाखा की टीम इतवारी बाजार स्थित छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक पहुंची, जहां उन्होंने सभी दस्तावेजों के आधार पर राजस्व संहिता अधिनियम की धारा 175 के तहत कुर्की की कार्रवाई की। इस कार्रवाई के बाद बैंक प्रबंधक कर का भुगतान करने की बात कह रहा है। समाचार लिखे जाने तक यह कार्रवाई जारी रही।




## विलिस बने रायगढ़ फ्लाईऐश एसोसिएशन के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ट्रेलर मालिकों ने एक फ्लाई ऐश एसोसिएशन का गठन किया है। जिसमें सर्व समिति से विलिस गुप्ता को अध्यक्ष बनाया गया है। होटल ट्रिनिटी में आयोजित एक समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सुशील मित्तल, अंकुल बंसल, सुदेश सोनी, आकाश जिंदल, योगेश अग्रवाल और जिला भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय अग्रवाल उपस्थित थे।

सुशील मित्तल ने अध्यक्ष के लिए विलिस गुप्ता के नाम का प्रस्ताव रखा, जिस पर सभी ट्रेलर मालिकों ने अपना समर्थन दिया। अग्रोहा धाम चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष सुशील मित्तल ने कहा कि हमारे रायगढ़ विधायक व वित्त मंत्री ओपी चौधरी सभी ट्रांसपोर्टो के साथ हैं। गाड़ी मालिकों को होने वाली परेशानी का जल्द ही कोई समाधान निकाला जाएगा। गाड़ी मालिकों ने भी एसोसिएशन के सामने अपनी समस्याएं बताई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष विलिस गुप्ता ने सभी गाड़ी मालिकों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि मैं गाड़ी मालिकों के हक के लिए हमेशा लड़ूंगा। आपने जो मुझपर भरोसा कर मुझे अध्यक्ष बनाया है मैं आपके विश्वास पर खरा उतरूंगा। जल्द ही यह सारी परेशानियां खत्म होगी। रायगढ़ ट्रेलर मलिक कल्याण संघ से भी सतीश चौबे एवं आशीष यादव उपस्थित थे। सतीश चौबे ने सभी गाड़ी मालिकों को संबोधित हुए कहा कि बाटेंगे तो काटेंगे। उन्होंने कहा कि एक गाड़ी मालिक आठ लोगों का पेट भरता है। आज जो समस्याएं आ रही है उससे हम सबको मिलकर लड़ना है। उन्होंने नवनिर्वाचित अध्यक्ष विलिस गुप्ता को बधाई देते हुए आश्वासन दिया कि जब भी फ्लाईऐश एसोसिएशन को हमारी जरूरत होगी हम हमेशा कंधे से कंधा मिलकर आपके साथ खड़े रहेंगे।

**■ सभी ट्रेलर मालिकों का मिला समर्थन**

**सौंदर्यीकरण के लिए बजट में 1.10 करोड़ का प्रावधान, फिर भी प्रमुख मार्ग के प्रवेश द्वार का यह हाल**

# सुघ्घर रायगढ़ का जंग लगा बोर्ड बयां कर रहा शहर विकास की दास्तां

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लंबे समय से सुघ्घर रायगढ़ का जंग लगा बोर्ड शहर विकास की दास्तां को बयां कर रहा है। शहर सरकार के बजट में सौंदर्यीकरण के लिए 1 करोड़ 10 लाख रुपए का प्रावधान होने के बाद भी प्रमुख मार्ग के प्रवेश द्वार का यह हाल शहर की शोभा बिगाड़ रहा है।

दरअसल चक्रपथ और भगत सिंह पुल से जाने वाले कलेक्टोरेट मार्ग का यह बोर्ड जंग लग कर जर्जर हो गया है। यह स्थिति सालभर से बनी हुई है। कोर्ट, कलेक्टोरेट, शासकीय विभागों, कॉलेज, स्कूल जाने वाले इस प्रमुख मार्ग के प्रवेश द्वार में दिशा सूचक ही गायब है, सिर्फ जंग लगा बोर्ड ही नजर आ रहा है। इस मार्ग में रोजाना प्रशासनिक, निगम के अधिकारियों, नेताओं व जनप्रतिनिधियों का आना-जाना लगा रहता है, इसके बाद भी वो शहर की शोभा बिगाड़ रहे इस बोर्ड को देख कर अपनी आखें बंद कर लेते हैं। हाल ही में शहर सरकार द्वारा शहर के सौंदर्यीकरण के लिए बजट में 1 करोड़ 10 लाख का प्रावधान रखा गया है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई पहल नहीं की गई। विपक्ष भी शहर की सुंदरता पर लगे ग्रहण को नजरअंदाज कर शांत बैठा हुआ है।



### गड्ढों से होता है स्वागत

प्रवेश द्वार से प्रवेश करने से पहले ही लोगों का बड़े-बड़े गड्ढों से स्वागत होता है। एक तो इस मार्ग में वाहनों की रफ्तार अधिक होती है, उपर से सड़क पर अचानक गड्ढे वाहन को असंतुलित कर देते हैं। इन गड्ढों में घुसते ही जहां लोगों के शरीर की हड्डियों में दर्द उठता है तो वहीं उनके वाहन के कलपुर्जे भी हिल जाते हैं। प्रमुख सड़क में आज पर्यंत तक शहर सरकार पैचवर्क नहीं करा पाई है।

### बैरिकेडिंग की जरूरत

तकनीकी रूप से देखा जाए तो इस मार्ग पर बैरिकेटिंग की अति आवश्यकता है। क्योंकि इस मार्ग में चक्रपथ से कलेक्टोरेट, कलेक्टोरेट से चक्रपथ, भगत सिहं पुल से चक्रपथ, भगत सिहं पुल से कलेक्टोरेट, पंजरीप्लांट से चक्रपथ आने-जानो वाले वाहन एक साथ तेजी से घुसते हैं और दुर्घटना की स्थिति निर्मित होती है। कई बार छिटपुट हादसे भी होते रहते हैं। जिससे सड़क के बीच में डिवाइडर या बैरिकेटिंग जरूरी है।

प्रमुख मार्ग के प्रवेश द्वार में लगे बोर्ड के जंग लगने और जर्जर होने की जानकारी आपके माध्यम से मिली है। मैं जल्द ही इसे दिखवा कर इसमें सुधार कार्य कराता हूं।

**जीवर्धन चौहान,** महापौर, नगर निगम

खबर संक्षेप

## 8 से 12 मई तक चलेगा आर्ट ऑफ लिविंग हैप्पीनेस कोर्स




**जशपुरनगर।** आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा 8 से 12 मई तक नगर में हैप्पीनेस कोर्स का आयोजन किया जा रहा है। पहले भी यहां यह कोर्स आयोजित कराया गया था। आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक एवं आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर के बेंगलुरु आश्रम के सानिध्य में प्रशिक्षित योग शिक्षकों द्वारा अद्भुत ज्ञान, योग, ध्यान तथा प्राणायाम के माध्यम से सुदर्शन क्रिया हैप्पीनेस प्रोग्राम में कराया जाएगा। यह कोर्स 5 दिनों तक श्री हरि कीर्तन भवन में प्रतिदिन सुबह 6.00 से 8.30 बजे तक आयोजित होगा। आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा योग साधना, ध्यान, सत्संग, सेवा एवं विभिन्न सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाता है। वर्तमान में 180 से अधिक देशों में आर्ट ऑफ लिविंग सेंटर स्थापित हैं जहाँ से लाखों लोगों ने कोर्स के माध्यम से मानसिक तनाव से मुक्ति, शारीरिक बीमारियों में लाभ, शवाश के साधन की अद्भुत क्षमता का विकास, मन प्रसन्नचित एवं एकाग्र, विवेकशील होकर निर्णय क्षमता, कार्यक्षमता–उत्साह में वृद्धि, ईश्वरिय सत्ता का अनुभव अनुभव जैसे लाभ प्राप्त किए हैं। आर्ट ऑफ लिविंग केंद्र द्वारा मिली जानकारी के अनुसार कोर्स में सम्मिलित होने के लिए पहले रजिस्ट्रेशन कराया जाना अनिवार्य है।

## दलहन-तिलहन लगाकर किसान कमा रहे मुनाफा



**जशपुरनगर।** जिले के किसानों को ग्रीष्मकालीन धान के बदले दलहन-तिलहन लगाकर कम लागत में अधिक लाभ प्राप्त करने हेतु कृषि विभाग द्वारा प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी कड़ी में बगीचा विकास खंड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी से ग्राम दुर्गापारा निवासी किसान हरिहर राम ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन तिलहन योजना का लाभ लेकर अपने खेत रकबा-7.352 हे.में से रकबा-0.405 हे.में अच्छा किस्म के मूंगफली का उत्पादन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रति एकड़ 15 हजार रूपए से अधिक लाभ प्राप्त होने की संभावना है। कृषि विभाग के विभागीय योजनाओं से लाभ प्राप्त होने और कृषकों के लिए लाभकारी योजना संचालित करने के लिए कृषक हरिहर ने मुख्यमंत्री का अभार व्यक्त किया है।

## बाइक भिंड़त में दो युवकों की गई जान, दो गंभीर

**अम्बिकापुर।** गलफूली नदी के समीप दो बाइक के आमने सामने भिंड़त हो जाने से दो युवकों की मौत हो गई जबकि दो युवक घायल हो गए। घायलों का उपचार स्थानीय अस्पताल में जारी है। जानकारी के अनुसार ग्राम रतासिली निवासी सोनू एक्का आ. सुरेश एक्का गत दिन ग्राम ककली शंकरगढ़ रोहित के घर मेहमानी करने दोस्त मनोज के साथ बाइक क्रमांक सीजी 15 सीबी 9498 से गया था। रात को दोनों बाइक से वापस घर लौटने लगे। इसी बीच ग्राम डिण्डो निवासी आयान एराकी अपने दोस्त सैफ के साथ कृष्णा नगर निवासी नाना मो. कोकीम के यहां बाइक क्रमांक सीजी 30 सी 1168 से गए थे। वापस घर लौटते समय बाइक सवार कसमार से कपड़ा लेकर लौटने लगे और जैसे ही गलफुला नदी के समीप पहुंचे तभी सोनू एक्का की बाइक से आमने सामने भिड़त हो गई। दोनों बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक चालक सोनू व आयान की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर घटना की जानकारी लगते ही दोनों परिवार के लोग घटनास्थल गए और घायल को सीएचसी कुसमी लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने सोनू व आयान की जांच कर मृत घोषित कर दिया। जबकि दुर्घटना में घायल दो युवकों का उपचार जारी है।

### नशे में धुत होकर की बदसलूकी, दोनों गिरफ्तार

# सरपंच ने साथी के साथ ट्रैफिक पुलिस से की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कुनकुरी में सोमवार शाम ट्रैफिक जवान से गाली-गलौच और मारपीट करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। चौंकाने वाली बात यह है कि इनमें से एक आरोपी नवीन साय ग्राम बेने चटकपुर का वर्तमान सरपंच है। एक जनप्रतिनिधि का ऐसा आचरण न केवल कानून के खिलाफ है, बल्कि उसकी सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारियों पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है।

■ ट्रैफिक पुलिस को वर्दी उतरवाने की दी थी धमकी, मोबाइल भी पटका था

कार सड़क पर खड़ी कर किया जाम,टोके जाने पर भड़के सरपंच और साथी घटना 5 मई को शाम करीब 4:30 बजे की है, जब ट्रैफिक आरक्षक निरोज कुजूर कुनकुरी बस स्टैंड रोड पर ड्यूटी पर थे। इस दौरान रारा मेडिकल स्टोर के पास हुंडई एसेंट कार सीजी 14 एलडब्लू 9087 को बीच सड़क पर खड़ा कर दिया गया, जिससे ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई। जब जवान ने गाड़ी हटाने को कहा, तो कार में सवार नवीन साय 36 वर्ष, सरपंच और उसका साथी दीपक पाठक 23 वर्ष गाड़ी से उतरकर जवान से उलझ पड़े। दोनों शराब के नशे में थे और उन्होंने जवान से गाली-गलौच, मारपीट कर धमकी दी, साथ ही जवान का मोबाइल फोन पटक दिया।



पुलिस गिरफ्त में साथी के साथ सरपंच।

### मोटर व्हीकल एक्ट में केस दर्ज

घटना की रिपोर्ट पर थाना कुनकुरी में दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 296, 115(2), 351(2), 132, 121(1) और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है। मेडिकल जांच में शराब सेवन की पुष्टि हुई, जिसके आधार पर आरोपी सरपंच पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत 10,000 का जुर्माना भी लगाया जा रहा है और लाइसेंस निरस्तीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### कानून से खिलवाड़ करने वालों को नहीं बक्शा जाएगा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने घटना पर सख्त प्रतिक्रिया देते हुए कहा,कानून हाथ में लेने की अनुमति किसी को नहीं है। शासकीय कार्य में बाधा डालने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की छवि और व्यवस्था को नुकसान पहुंचाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## 8 से 15 मई तक बेलादुला में बहेगी श्रीमद् भागवत की बयार

**रायगढ़।** बेलादुला के पुण्यभूमि में नीलामाधव की असीम अनुकम्पा से सद्गुरु बलदेव दास की पुण्यतिथि पर महंत रामगोपाल दास के सानिध्य में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण ज्ञानयज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। अनुष्ठान 08 मई से 15 मई तक पूज्यनीया साध्वी महंत प्रज्ञा भारती महाराज सांई शक्ति सेवा संस्थापिका एवं अध्यक्ष, जबलपुर तथा महंत निर्मोही अखाड़ा के सरस, सलिल, सुमधुर मुखारविन्द एवं यज्ञाचार्यों के मंत्रोच्चार के साथ संपन्न किया जाना सुनिश्चित हुआ है।



8 मई को कलश यात्रा, मंगलाचरण, श्रीमद भागवत महात्यम, 9 को कुंती स्तुति, भीष्म स्तुति, सति चरित्र, 10 को ध्रुव चरित, भरत चरित्र, प्रहलाद चरित्र, 11 को गजेन्द्रमोक्ष, समुद्र मंथन, वामन चरित्र, कृष्णजन्मोत्सव, 12 को कृष्ण बाललीला, गोवर्धन पूजा, 13 को रासलीला, उद्धव प्रसंग, रूक्मिणी विवाह, 14 को सुदामा चरित्र, परिक्षित मोक्ष, व्यास पूजन, 15 को गुरुदेव महाराज की पुण्यतिथि एवं भंडारा उत्सव होगा। सात दिवसीय भागवत कथा आयोजन समिति के सदस्य महंत राम गोपाल दास बताते हैं कि परम पूज्य गुरुदेव श्रीबलदेव दास के पुण्य स्मरण में 1980 से निरंतर भागवत कथा का आयोजन उनकी पुण्यतिथि पर कराया जाता रहा है। हमारा नीलमाधव आश्रम निर्मोही अखाड़े से संबंध है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीभागवत कथा का आयोजन सात दिनों और अंतिम दिन महा भंडारे का आयोजन किया गया है। इस वर्ष निर्मोही अखाड़े चित्रकूट धाम की कथावाचक पूजनीय दीदी मां प्रज्ञा भारती के श्रीमुख से श्रीभागवत कथा का वाचन होगा। दीदी मां प्रज्ञा भारती के ओजस मुख से भागवत गीता का श्रवण करना भक्तों के लिए एक अनोखा अनुभव होगा। वह बहुत ही महीन तरीके से श्रीमद भागवत की महत्ता को छोटे छोटे छंदों से समझाती हैं। कथा 8 मई में से शुरू होगी। नील माधव आश्रम में समय के साथ भागवत को सुनने वालों की संख्या बढ़ी है और इस बार दीदी मां के आने से आशा है आसपास के जिलों से भी भक्ति उन्हें सुनने जरूर आएंगे। आयोजन समिति की ओर से बीते 15 दिनों से तैयारियां जारी है।

### तैयारी में जुटे हैं पार्षद

बेलादुला के पार्षद अजय मिश्रा जो आयोजन समिति के अध्यक्ष हैं वह दिन रात अपनी टीम के साथ भागवत कथा को और भव्य बनाने में की तैयारी में जुटे हुए हैं। उन्होंने सभी लोगों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में आकर श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करें और अपने जीवन को और बेहतर बनाएं। आयोजन समिति में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सह संचालक विनोद अग्रवाल, गोकुलानंद पटनायक, तेजराम रोहड़ा, टेकचंद रोहड़ा एवं मंदिर के महंत राजाराम आदि शामिल हैं।

### श्रीमद भागवत को करें आत्मसात: महंत

नीलमाधव आश्रम के महंत रामगोपाल दास बताते हैं कि भागवत कथा एक प्राचीन और पवित्र ग्रंथ हैए जिसमें भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं और शिक्षाओं का वर्णन किया गया है। यह कथा न केवल आध्यात्मिक ज्ञान का स्रोत है, बल्कि यह हमें जीवन के सही मार्ग पर चलने के लिए भी प्रेरित करती है। हम सभी भक्तों और श्रद्धालुओं को इस भागवत कथा में शामिल होने के लिए आमंत्रित करते हैं। यह आयोजन न केवल आध्यात्मिक ज्ञान का स्रोत होगाए बल्कि यह हमें एक दूसरे के साथ जुड़ने और जीवन के सही मार्ग पर चलने के लिए भी प्रेरित करेगा।

### नाबालिग के पिता के खिलाफ पहली बार पुलिस ने की कार्रवाई

# मोडिफाइड साइलेंसर एवं ओवर स्पीड के खिलाफ पुलिस का कड़ा प्रहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पुलिस द्वारा 5 मई को मोडिफाइड साइलेंसर एवं ओवर स्पीड वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने दो मोडिफाइड व ओवर स्पीड वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है। जिसमे एक बालिक वाहन चालक के विरुद्ध मोडिफाइड साइलेंसर लगाने के मामले में एम व्ही एक्ट की धारा 182(1)(4) के तहत 5000 रुपए का जुर्माना लगाया गया है। साथ ही लाइसेंस निरस्तीकरण की प्रक्रिया की जा रही है। एक अन्य मामले में नाबालिग द्वारा ओवर स्पीड मोडिफाइड साइलेंसर तथा खतरनाक तरीके से वाहन चलाने के मामले पर उनके परिजनों के विरुद्ध एम व्ही एक्ट की धारा 5/180- नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने देना,182(1)(4) मोडिफाइड साइलेंसर व वाहन,184- खतरनाक तरीके से वाहन चलाना, व धारा 4/181- नाबालिग बच्चों द्वारा वाहन चलाना के तहत 46000रु की चालानी कार्रवाई की जा रही है।

■ दो बाइकर्स को पुलिस ने धर दबोचा



### नाबालिग की जिद पर खरीदी थी मोटरसाइकिल

पुलिस की पूछताछ में नाबालिग के परिजनों ने बताया कि उनके पुत्र की जिद पर उनके द्वारा 85000रु से अधिक कीमत का मोटर साइकल खरीदा गया था, जिससे कि उनके बच्चों द्वारा लगातार यातायात नियमों का उल्लंघन किया जा रहा था। भविष्य में उनके द्वारा इस बात का ध्यान रखा जाएगा।

### लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने दूसरी बार यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिया है।

### असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश

मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस को निर्देशित किया गया है कि जो भी असामाजिक तत्व यातायात नियमों का उल्लंघन करेगा, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। साथ ही आम जनता अपील की है कि मोडिफाइड साइलेंसर व ओवर स्पीड वाले लड़के दिखे तो उनका फोटो खींचकर या गाड़ी नंबर मुझे भेजे उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## ताला तोड़कर चोरों ने पार किया नकदी व स्कूटी

**सूरजपुर।** कोतवाली अंतर्गत ग्राम चंदरपुर नरवापारा निवासी संतोष कुमार जायसवाल आ. राम प्रताप जायसवाल (35 वर्ष) चिरमिरी ब्रांच स्थित बैंक में पदस्थ है। 30 अप्रैल को घर आया था और दूसरे दिन घर बंद चाबी अपने पास रख लिया जबकि गेट का चाबी पड़ोसी लक्ष्मण साहू को दिया था जो बाहर पानी भरते थे। 3 मई की दोपहर ओम प्रकाश सिंह को शादी में बिहारपुर जाने की बात कही जिस पर ओम प्रकाश अपनी बोलेरो को धोने गया तो घर का दरवाजा खुला देख घर में चोरी होने की बात मकान मालिक संतोष को बताया। घटना की जानकारी लगने पर संतोष घर पहुंचा तो देखा दरवाजा में लगा ताला व अलमारी का ताला टूटा हुआ। मकान मालिक ने अलमारी में रखे सामान की तलाशी ली तो पता चला की नगद 96 हजार रुपए गायब है।

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना

## 391 हितग्राही मथुरा और वृंदावन रवाना



श्रृद्धालुओं को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना।

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना नियम में 2012 यथा संशोधित 2025 के तहत वृद्धजनों एवं दिव्यांगो के साथ-साथ अब विधवा और परित्यक्ता महिलाओं को भी तीर्थ यात्रा कराने का नियम बनाया गया है। इन महिलाओं के लिए उम्र का कोई बंधन नहीं रखी गयी है।

■ 41 विधवा एवं 15 परित्यक्ता की मथुरा, वृन्दावन यात्रा

जिले से पहली बार 41 विधवा एवं 15 परित्यक्ता महिलाओं ने भी इस योजना के तहत यात्रा पर जाने के लिए आवेदन किया था। कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा उन सब महिलाओं का चयन कर अन्य यात्रियों के साथ तीर्थ दर्शन के लिए भेजा गया। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत 30 अप्रैल 2025 से 03 मई 05 तक मथुरा, कृष्ण जन्मभूमि वृन्दावन की तीर्थ यात्रा के लिए जिले के 391 हितग्राहियों को भेजे जाने का कार्यक्रम प्राप्त हुआ था। जिसमें जिला के समस्त जनपद पंचायतो एवं नगरीय जिन निकायो से निर्धारित लक्ष्य आवेदन प्राप्त हुए थे। जिला स्तरीय समिति द्वारा जिन निकायों से अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त हुए उनका लॉटरी निकलकर हितग्राहियों का चयन किया गया। कलेक्टर रोहित व्यास, नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, जनपद पंचायत अध्यक्ष गंगा राम भगत ने चयनित जनपद पंचायत एवं नगर पंचायत जशपुर के हितग्राहियों को तीर्थ यात्रा के लिए सुखद यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इसी प्रकार समस्त जनपद पंचायतो में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार तीर्थ दर्शन के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा यात्रियों का अभिन्दन करते हुए यात्रा के लिए रवाना किया गया। इस कड़ी में जनपद पंचायत कांसाबेल में जिला पंचायत के अध्यक्ष सालिक साय द्वारा तीर्थ यात्रियों का अभिन्दन करते हुए हितग्राहियों को रवाना किए।

ऑपरेशन शंखनाद

## 12 गौ वंश तस्करों के चंगुल से मुक्त

**जशपुरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के नेतृत्व में गौ तस्करों के विरुद्ध ऑपरेशन शंखनाद के तहत लगातार अभियान चलाया जा रहा है जिसमें पुलिस को सफलता भी मिल रही है। इसी तारतम्य में चौकी मनोरा क्षेत्र के अंतर्गत 5 अप्रैल की रात्रि में फिर 12 गौ वंशों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया गया है।

■ पुलिस ने दो पशु तस्करों को लिया हिरासत में

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चौकी मनोरा पुलिस को 5 अप्रैल 25 की रात्रि में मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कुछ व्यक्ति 12 नग गौ वंशों को बेरहमी पूर्वक मारते पीटते हुए चौकी मनोरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम खूंटापानी, डुमर टोली के जंगल के रास्ते ,गोविंदपुर झारखंड की ओर ले जा रहे हैं। सूचना पर मनोरा पुलिस द्वारा तत्काल वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अवगत कराते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के दिशा निर्देश में ग्राम खूंटापानी, डुमर टोली जाकर मुखबिर के बताए अनुसार पाया कि कुछ व्यक्ति के 12 नग गौ वंशों को बेरहमी पूर्वक मारते पीटते हांकते ले जा रहे थे। जिस पर पुलिस के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घेराबंदी बंदी कर 12 नग गौ वंशों को सकुशल बरामद कर लिया गया है व तस्करी में संलिप्त दो तस्करों सुखलाल भगत उम्र 43 वर्ष निवासी डड़गांव, चौकी मनोरा, जिला जशपुर व निलेश भगत, उम्र 22 वर्ष, निवासी डड़गांव, चौकी मनोरा, जिला जशपुर को हिरासत में लिया गया है। तस्करी में सम्मिलित अन्य तस्कर पुलिस को आता देख रात्रि में,जंगल का फायदा उठा कर फरार हो गए है। पुलिस द्वारा फरार आरोपियों को चिन्हित कर लिया गया है। पुलिस फरार आरोपियों की पता साजी कर रही है।



पुलिस गिरफ्त में गौ तस्कर के आरोपी।

### झारखंड निवासी गोला खान करा रहा था गौ तस्करी

पुलिस की पूछताछ में आरोपी तस्करों ने बताया कि वे गोविंदपुर निवासी गोला खान नाम के व्यक्ति के कहने पर गौ वंशों को ग्राम औरकेला, थाना आस्ता, से लेकर गोविन्दपुर (झारखंड) ले जा रहे थे। जिसके सम्बन्ध में पुलिस की जांच जारी है।

### आरोपी तस्करों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

पुलिस द्वारा आरोपी तस्कर सुखलाल भगत, उम्र 43 वर्ष, निवासी डड़गांव, चौकी मनोरा, जिला जशपुर व निलेश भगत, उम्र 22 वर्ष, निवासी डड़गांव, चौकी मनोरा, जिला जशपुर के द्वारा अपराध स्वीकार करने व प्रयाप्त अपराध सबूत पाए जाने पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

कलेक्टर की समीक्षा बैठक

## निर्माण कार्यों को गंभीरता से पूर्ण करने के निर्देश



अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, सेतु विभाग,गृह निर्माण मंडल और मेडिकल विभाग के सी जी एम एस सी के निर्माण कार्य की समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर हरि ओम द्विवेदी और संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर ने सेतु विभाग को पुल पुलिया निर्माण कार्य के संबंध में विस्तार से जानकारी लेकर स्वीकृति कार्य प्रगतिरत कार्य की जानकारी ली और लंबित कार्य को गंभीरता से करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सेतु निर्माण विभाग से ईब नदी में बन रहे उच्च स्तरीय पूल निर्माण की प्रगति की जानकारी ली। और जिन कार्यों का बजट स्वीकृत हो गया है। उन कार्यों को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा करते हुए विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न सड़क निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली मनोरा विकास खंड के लावा नदी निर्माण कार्य अम्बाटोली से रेमने बासनताला चटकपुर सहित लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि जो ठेकेदार कार्य को रूचि नहीं ले रहे हैं ऐसे ठेकेदार को पेनाल्टी लगाने के लिए कहा। कलेक्टर ने पीएम जनमन योजना के तहत स्वीकृत निर्माण कार्य को भी पूरा करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने गृह निर्माण मंडल के अंतर्गत संचालित कार्यों की जानकारी अधिकारियों से ली जशपुर में मिनी इंडोर स्टेडियम मनोरा विकास खंड के ग्राम सोनक्यारी छात्रावास, गिधा छात्रावास, बगीचा छात्रावास, आदि प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मेडिकल विभाग के सीजीएमएससी के तहत हो रहे निर्माण कार्यों की जानकारी ली।

■ प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यों की समीक्षा की

### गांव गांव में पहुंच रहा सुशासन का संदेश

# सुशासन तिहार: समाधान शिविर में कृषकों को दिया गया किसान क्रेडिट कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

राज्य में शासन-प्रशासन को संवेदनशील, जनोन्मुखी और पारदर्शी बनाने के साथ ही जन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सुशासन तिहार-2025 का आयोजन किया जा रहा है।

पहला और दूसरा चरण उपरांत सुशासन तिहार के तीसरा चरण 5 मई से शुरू हुआ है जो कि 31 मई तक चलेगा। जशपुर जिले में 08 से 15 ग्राम पंचायतों के मध्य बनाए गए कुल 52 कलस्टर एवं 5 नगरीय निकायों में समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें आवेदकों को उनके आवेदनों की स्थिति की जानकारी दी जाएगी। इसी क्रम में सुशासन तिहार समाधान शिविर कलस्टर गोरिया में वे कृषक जो कि पूर्व में किसान क्रेडिट कार्ड नहीं होने के कारण उन्नत किस्मों के बीज एवं खाद का क्रय नहीं कर पा रहे थे। उन किसानों को केसीसी कार्ड योजना के माध्यम से किस तरह पैसा एवं खाद बीज एवं बिना किसी ब्याज के अल्प कालीन ऋण मिलने के बारे में बताया गया।

उन्हें जानकारी दी गई कि कृषक कृषि कार्य कर फसल बेचने के पश्चात जमा कर पुनः ऋण ले सकते हैं। योजना के बारे में जानकारी प्राप्त होने पर किसानों ने आवेदन प्रस्तुत किया। इस आधार पर ग्राम गोरिया के इमिल खलखो और मलको, ग्राम हेठकापा के राजेश कुमार केरकेट्टा और श्रीमती सावित्री को कृषि विभाग द्वारा सहकारी समिति के माध्यम से किसान क्रेडिट कार्ड जारी किया गया और जनप्रतिनिधियों के समक्ष उन्हें प्रदान किया गया।



किसान क्रेडिट कार्ड प्राप्त करते कृषक।



### संवाद ही समाधान का पहला चरण : कृष्ण कुमार

जिला मुख्यालय में समस्या से समाधान तक शिविर का आयोजन किया गया। शासन द्वारा चलाए जा रहे इस शिविर का उद्देश्य यह है कि नगर पालिका क्षेत्र में रहने वाले किसी भी व्यक्ति।को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना करना पड़ रहा है तो वह इस शिविर में आकर अपनी समस्या से अवगत करा सकता है। संबंधित विभाग द्वारा उस व्यक्ति को तत्काल उसकी समस्या पर समाधान उपलब्ध कराया जाएगा। शिविर में उपस्थित मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार राय ने कहा कि मुख्यमंत्री समाधान शिविर सरकार की उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसमें आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सुना और सुलझाया जा रहा है। यह शिविर शासन और जनता के बीच सेतु बनकर सामने आया है, जो 'संवाद से समाधान' की दिशा में एक प्रभावी पहल है।



### सुशासन से दिव्यांगो का सफर आसान

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शासन और जनता के मध्य सीधे संवाद के लिए सुशासन तिहार का आयोजन 08 अप्रैल से 31 मई तक पूरे प्रदेश में किया जा रहा है। जिसके तहत प्राप्त आवेदनों का त्वरित निदान के साथ मांगों के अनुसार विकास कार्यों को भी स्वीकृति प्रदान की जा रही है। जिससे लोगों को त्वरित लाभ प्राप्त हो रहा है। इसी क्रम में सुशासन तिहार के तहत सहायक उपकरण प्राप्ति के लिए दिव्यांग सुबानी, प्रवीण कुजूर, निशांत खलखो, प्रफुल्ल बेक द्वारा अपने दैनिक कार्यों में सहायता के लिये मोटराईज्ड ट्रायसायकल की मांग की गयी थी। जिस पर त्वरित कार्यवाही कर उन्हें जिला पंचायत में आयोजित सामान्य सभा में मोटराईज्ड ट्रायसायकल जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय के द्वारा प्रदान किया गया।

### लोदाम, पतराटोली, जोरण्डाझरिया में समाधान शिविर का आयोजन

सुशासन तिहार के तीसरे चरण के दूसरे दिन 6 मई को जनपद पंचायत के लोदाम कलस्टर, दुलदुला जनपद के अंतर्गत पतराटोली कलस्टर और फरसाबहार जनपद कलस्टर के अंतर्गत जोरण्डाझरिया में सामाधान शिविर का आयोजन किया गया। इन शिविरों में आवेदकों को उनके आवेदनों पर की गई कार्यवाही की जानकारी दी जा रही है। शिविरों में नए आवेदन लेने के साथ उनका निराकरण भी मौके पर ही किया जा रहा है। शिविर आयोजन के पूर्व श्रमदान, खेल प्रतियोगिता एवं योग प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। ग्राम जोरण्डाझरिया में समाधान शिविर के पूर्व योगाभ्यास एवं सामुहिक स्वच्छता श्रमदान का आयोजन किया गया। इसके उपरांत सामाधान शिविर में 3712 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिन्हें समाधान शिविर में ग्रामीणों को पढ़कर सुनाया गया। शिविर में 79 नए आवेदन भी प्राप्त हुए। शिविर में मौजूद श्रीमती कौशल्या साय ने लोगों को समाधान शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। इस दौरान उन्होंने राजस्व विभाग के किसान किताब, वन अधिकार के बी 01 खसरा, किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण किया। साथ ही पांचवी एवं आठवीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को उन्होंने सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक भरत साय, जिला पंचायत सदस्य वेदप्रकाश भगत मौजूद रहे। ग्राम पतराटोली में आयोजित समाधान शिविर के अंतर्गत ग्रामीणों को आवेदनों के निराकरण की स्थिति के जानकारी दी गई एवं जो आवेदन नहीं दे पाए थे उनसे आवेदन लिए गए।

# मेट गाला के रेड कारपेट पर सबसे ज्यादा चमकीं प्रियंका

## ये भारतीय सेलेब्स भी हुए शामिल

*लॉस एंजिल्स।* न्यूयॉर्क का मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट हर साल मई के पहले सोमवार को फैशन की दुनिया का सबसे बड़ा उत्सव 'मेट गाला' आयोजित करता है। भारतीय समयानुसार इसे मंगलवार 6 मई को सुबह 3:30 बजे देखा जा सकता है। इस साल मेट गाला भारतीय सिनेमा और फैशन के लिए खास होने वाला है। क्योंकि, बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान से लेकर अभिनेत्री कियारा आडवाणी तक, कई भारतीय सितारे रेड कारपेट पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे।



### सबसे पहले शामिल हुईं प्रियंका

मेट गाला में भारतीय सितारों की बढ़ती हिस्सेदारी भारत के ग्लोबल सॉफ्ट पावर को दिखाता है। प्रियंका चोपड़ा ने 2017 में इसकी शुरुआत की और तब से भारतीय डिजाइनरों जैसे सब्यसाची, प्रबल गुरुंग, राहुल मिश्रा और गौरव गुप्ता ने वैश्विक मंच पर अपनी छाप छोड़ी है। इस साल शाहरुख खान और दिलजीत दोसांझ जैसे एक्टर्स की एंट्री 'इंडियन मेन फैशन' को भी ग्लोबल स्पॉटलाइट में लाएगी। कियारा आडवाणी का मेटरनिटी लुक एक फैशन स्टेटमेंट होगा। वहीं, प्रियंका का लगातार पांचवीं बार शामिल होना उनकी ग्लोबल स्टारडम और फैशन सेंस को पेश करेगा।

### 2017 से अब तक शामिल हुए कई सितारे

#### ट्रेंच कोट ड्रेस में किया डेब्यू

*2017:* प्रियंका ने राल्फ लॉरेन के ट्रेंच कोट ड्रेस में डेब्यू किया, जिसमें लंबी ट्रेल थी। उनके साथ निक जोनस भी थे और यह उनकी लव स्टोरी की शुरुआत थी।

*2018:* थीम 'हैवनली बॉडीज' के लिए उन्होंने राल्फ लॉरेन की मरून वेलवेट गाउन और गोल्ड बीज्ड हुड पहना था।

*2019:* 'कैंपः नोट्स ऑन फैशन' थीम में प्रियंका ने डायर की सिल्वर गाउन और सिल्वर-फ्रॉस्टेड मेकअप के साथ सबको चौंकाया था।

*2023:* वालेंटिनो की ब्लैक गाउन और बुल्गारी जूलरी में प्रियंका थीम 'कार्ल लेगरफेल्डः ए लाइन ऑफ ब्यूटी' में छा गई थीं।

#### सिल्क स्लिप ड्रेस पहनी थी

*2017:* दीपिका ने प्रबल गुरुंग की सिल्क स्लिप ड्रेस पहनी थी।

*2018:* 'हीवेनली बॉडीज' थीम में दीपिका ने प्रबल गुरुंग की रेड गाउन में स्टनिंग लुक दिया।

*2019:* 'कैंप' थीम में दीपिका ने जैक पॉसन की बार्बी-इंस्पायर्ड पिंक गाउन में सबका ध्यान खींचा था।

#### ईशा अंबानी

*2017:* ईशा ने क्रिश्चियन डायर की गाउन में डेब्यू किया।

*2024:* थीम 'द गार्डन ऑफ टाइम' में उन्होंने प्रबल गुरुंग की साड़ी-गाउन में भारत के ट्रेडिशन को ग्लोबल स्टेज पर पेश किया।

### 2025 में भारतीय सितारे

इस साल मेट गाला में भारतीय सितारों की मौजूदगी ऐतिहासिक होगी। आइए, जानते हैं कौन-कौन शामिल हो रहा है और उनके लुक्स की क्या खासियत होगी...

*शाहरुख खान :* बॉलीवुड के किंग खान पहली बार मेट गाला में डेब्यू करेंगे और वह पहले भारतीय पुरुष अभिनेता होंगे, जो इस रेड कारपेट पर चलेंगे। शाहरुख मशहूर डिजाइनर सब्यसाची मुखर्जी के डिजाइन किए हुए आउटफिट में नजर आएंगे। न्यूयॉर्क के जॉन एफ. कैनेडी एयरपोर्ट पर उनकी तस्वीरें पहले ही वायरल हो चुकी हैं।

*कियारा आडवाणी :* अभिनेत्री कियारा भी मेट गाला में पहली बार शामिल होंगी और अपनी प्रेग्नेंसी के दौरान इस रेड कारपेट पर मैटरनिटी फैशन का जलवा बिखेरेंगी। वह डिजाइनर गौरव गुप्ता के स्कल्पचरल आउटफिट में नजर आएंगी, जो थीम के साथ उनकी खूबसूरती को और निखारेगा। कियारा ने न्यूयॉर्क में अपने होटल से एक छोटे से ब्लैक आउटफिट के केक की तस्वीर शेयर कर अपने लुक का हिंट दिया है।

*प्रियंका चोपड़ा :* मेट गाला की मेहमान प्रियंका इस बार अपनी पांचवीं उपस्थिति दर्ज कराएंगी, वह मेट गाला में सबसे ज्यादा शामिल होने वाली भारतीय कलाकार हैं। इस बार वह फ्रेंच फैशन हाउस बालमैन के डिजाइनर ओलिवियर रूस्टिंग के साथ रेड कारपेट पर चलेंगी और बुल्गारी के हाई-जूलरी कलेक्शन से सजी होंगी।

*दिलजीत दोसांझ :* पंजाबी सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ भी मेट गाला में पहली बार हिस्सा लेंगे। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर 'फर्स्ट टाइम' लिखकर और मेट गाला का बैग दिखाकर अपने डेब्यू की पुष्टि की। दिलजीत के फैशन सेंस को देखते हुए, फैंस को उनके पंजाबी स्टाइल और ग्लोबल फैशन के फ्यूजन की उम्मीद है।




### मेट गाला क्या है?

मेट गाला को 'फैशन का ऑस्कर' भी कहा जाता है, न्यूयॉर्क के मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट के कॉस्ट्यूम इंस्टीट्यूट के लिए फंड जुटाने वाला एक वार्षिक आयोजन है। 1948 में शुरू हुआ यह इवेंट पहले एक साधारण डिनर पार्टी था, लेकिन अब यह फैशन, कला और संस्कृति का सबसे बड़ा मंच बन चुका है। हर साल एक खास थीम के इर्द-गिर्द सितारे अपने डिजाइनर आउटफिट्स में रेड कारपेट पर अनोखे अंदाज में नजर आते हैं। यह आयोजन न केवल फैशन की दुनिया में नए ट्रेंड्स सेट करता है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक मुद्दों पर भी चर्चा का केंद्र बनता है। पिछले साल इस इवेंट ने म्यूजियम के लिए 26 मिलियन डॉलर से ज्यादा की राशि जुटाई थी।

### इस साल की थीम और ड्रेस कोड...

*इस साल मेट गाला की थीम है :* 'सुपरफाइनः टेलरिंग ब्लैक स्टाइल्स'। जो ब्लैक फैशन शैली और उनके सांस्कृतिक प्रभाव पर आधारित है। यह थीम मोनिका एल. मिलर की किताब स्लेव्स टू फैशनः ब्लैक डैंडीज्म एंड द स्टाइलिंग ऑफ ब्लैक डायस्पोरिक आइडेंटिटी से ली है। यह थीम 18वीं सदी के यूरोपीय फैशन से लेकर आधुनिक समय तक ब्लैक डैंडीइज्म की यात्रा को दिखाएगी, जिसमें रंगों, सिल्हूट्स और एक्सेसरीज जैसे टोपी, छड़ी, ब्रोच और पॉकेट स्क्वायर की बारीकियों पर जोर होगा। ड्रेस कोड 'टेलर्ड फॉर यू' मेहमानों को ट्रेडिशनल मेल ड्रेस में रचनात्मक बदलाव करने की आजादी देता है।



## 9 मई को रिलीज होगी 'भूल चूक माफ'

**मुंबई।** हाल ही में राजकुमार राव और वामिका गब्बी की बहुचर्चित फिल्म 'भूल चूक माफ' का बोनस ट्रेलर निर्माताओं द्वारा रिलीज किया गया है, जो दर्शकों के लिए एक तोहफा है। इस ट्रेलर में अभिनेता अपनी शादी के लिए तमाम उपायों को करते नजर आ रहे हैं और वह अपनी हल्दी की ही रश्म में फंसे दिख रहे हैं। करण शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म 'भूल चूक माफ' 9 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में राजकुमार राव और वामिका गब्बी के अलावा सीमा पाहवा अहम किरदार में हैं। एक मिनट 21 सेकेंड के इस बोनस ट्रेलर की शुरुआत में वामिका शादी के लिए राजकुमार राव को भगा लाती हैं। इसके बाद 'ट्रेलर में राजकुमार राव शादी करने के लिए तमाम उपायों को करते नजर आते हैं, जैसे सरकारी नौकरी खोजना, गाय को रोटी के साथ गुड़ खिलाना आदि।



## 10 नए चेहरों को लांच करेंगे आमिर...

**मुंबई।** 2007 की सुपरहिट फिल्म 'तारे जमीन पर' का सीक्वल है 'सितारे जमीन पर'। 'सितारे जमीन पर' का पहला पोस्टर देखते ही फैंस में फिल्म को लेकर उत्साह और अधिक बढ़ गया है। यह फिल्म 20 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पोस्टर में आमिर खान के साथ 10 नए चेहरे भी नजर आए, जिससे साफ है कि फिल्म की कहानी से लेकर स्टार कास्ट भी अनोखी होगी। इन 10 एक्टर्स में अरूष दत्ता, गोपी कृष्ण वर्मा, सम्वित देसाई, वेदांत शर्मा, आयुष भंसाली, आशीष पेंडसे, ऋषि शाहानी, ऋषभ जैन, नमन मिश्रा और सिमरन मंगेशकर शामिल हैं। आमिर खान 2025 में बॉलीवुड में वापसी कर रहे हैं। उन्हें आखिरी बार 2022 में फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' में देखा गया था। अब वह 'सितारे जमीन पर' लेकर आ रहे हैं।

## धर्मेंद्र ने शायरी के जरिए बताया जिंदगी का पाठ...



**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र ने एक से बढ़कर एक फिल्में दीं और अपने किरदार से लोगों का दिल जीता। वह फिल्मों और अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए फैंस से जुड़े रहते हैं। हिंदी सिने जगत के इस बड़े स्टार ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने अपने फैंस को खास संदेश देते दिखे। धर्मेंद्र ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में वह अपने घर में बैठे दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने ब्लैक कलर की शर्ट और जींस पहनी हुई है। वीडियो में वह कैमरे की ओर देखते हुए एक शेर पढ़ते हैं, जो उर्दू और हिंदी में है। एक्टर कहते हैं, 'मौका दिया मुकद्दर ने, दिल दिमाग एक हुए... नेकी भी साथ हुई, मेहनत और मशक्कत की मंजिलें तय होती गई... और हम सुर्खुरू हुए।' इस शेर का मतलब यह है कि किस्मत से तो बहुत कुछ तय होता है, लेकिन मेहनत जरूरी है, जिंदगी में अच्छा व्यवहार और नीयत रखना भी उतना ही जरूरी है, तभी इंसान सम्मान का हकदार होता है। उनके इस वीडियो पर लोग जमकर कमेंट कर रहे हैं। बेटी ईशा देओल ने कमेंट में रेड हार्ट इमोजी भेजे। कबड्डी खिलाड़ी राहुल चौधरी ने भी कमेंट में रेड हार्ट इमोजी की झड़ी लगा दी। वहीं, एक यूजर ने कमेंट में उनके लिए एक शेर लिखा – 'मेहनत वो चिंगारी है जो तकदीर के अंधेरे को भी रोशन कर देती है आपके हर कतरा-ए-पसीने में एक नया सवेरा छुपा है!'

### अभी भी फिल्मों में हैं सक्रिय

हाल ही में बेटी ईशा ने पापा धर्मेंद्र और मां हेमा को शादी की 45वीं सालगिरह की बधाई दी थी। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर उनकी कुछ पुरानी तस्वीरें शेयर की थीं, जिसमें धर्मेंद्र और हेमा अपनी दोनों बेटियों ईशा और अहाना के साथ दिखे। ईशा ने कैप्शन में लिखा, 'हैप्पी एनिवर्सरी मम्मा और पापा। आप मेरी दुनिया हैं। मैं आपसे प्यार करती हूं।' धर्मेंद्र अभी भी फिल्मों में सक्रिय हैं। 2024 में कृति सेनन और शाहिद कपूर स्टारर 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' में भी उन्होंने अहम भूमिका निभाई है।

## टीवी मसाला



## गौतमी कपूर ने किया था छेड़छाड़ का सामना

**नई दिल्ली।** टीवी एक्ट्रेस गौतमी कपूर के साथ बहुत कम उम्र में छेड़छाड़ की घटना हुई थी।एक अजनबी शख्स ने उनके साथ बस में गंदी हरकत की थी। इस घटना ने एक्ट्रेस को बहुत डरा दिया था और फिर वह तुरंत बस से उतर गई थीं। उस वक्त गौतमी लगभग 12 साल की थीं। हाल ही में गौतमी कपूर ने उन्होंने अपने स्कूल के दिनों में हुई इस घटना का जिक्र किया और बताया कि उस वक्त उनकी मां ने उन्हें बहुत सपोर्ट किया था। इसके अलावा मां ने उन्हें गलत के खिलाफ आवाज उठाने की बात कही थी। एक्ट्रेस ने कहा कि वह मुंबई से भावनात्मक रूप से जुड़ी हुई हैं। उनका मानना है कि मुंबई काफी सुरक्षित है और इस शहर ने उन्हें सब कुछ दिया है। गौतमी ने यह भी बताया कि अपने कॉलेज के दिनों में वह बस से सफर करती थीं। दरअसल, वह पांच साल की उम्र से ही बस से ट्रैवल कर रही थीं, क्योंकि उनके परिवार के पास कोई गाड़ी नहीं था। इंटरव्यू के दौरान गौतमी से पूछा गया कि क्या उन्होंने कभी कोई अप्रिय घटना का सामना किया है, तो उन्होंने बताया, 'यह तब हुआ जब मैं छठी क्लास में थी। एक आदमी ने पीछे से मेरी पैंट के अंदर हाथ डाल दिया था। मैं बहुत छोटी थी, इसलिए मुझे समझने में कुछ समय लगा कि क्या हो रहा है। मैं बहुत डर गई थी और तुरंत बस से उतर गई। पूरी सिचुएशन को समझने में मुझे 15-20 मिनट लगे। मैं यही सोचती रही कि क्या वह आदमी मेरा पीछा कर रहा है। गौतमी ने बताया कि जब यह घटना हुई, तब वह अपने स्कूल की यूनिफॉर्म में थी. उन्होंने कहा, 'जब मैं घर पहुंची तो अपनी मां को इस बारे में बताने से बहुत डर रही थी। मुझे लगा कि वह मुझे डांटेंगी। जब मैंने उन्हें बताया तो उन्होंने कहा कि क्या तुम पागल हो? तुम्हें मुड़कर उसे थप्पड़ मारना चाहिए था या उसका कॉलर पकड़ लेना चाहिए था। उन्होंने मुझसे कहा कि अगर कोई ऐसा कुछ करे, तो उसका हाथ कसकर पकड़ लो, जोर से चिल्लाओ और कभी घबराओ मत। अगर तुम्हें डर लगे, तो अपने पास पेपर स्प्रे रखो और उसे उनके चेहरे पर छिड़क दो या फिर अपना जूता उतारकर मारो। तुम्हें कुछ नहीं होगा। बिल्कुल भी नहीं डरना चाहिए।

## टी-सीरीज के साथ मिलकर भक्ति संगीत को बढ़ावा देंगे मनोज मुंतशिर...



*मुंबई। टी-सीरीज ने मनोज मुंतशिर और उनकी पत्नी निर्माता नीलम मुंतशिर शुक्ला के साथ सहयोग करने का फैसला किया है। टी-सीरीज ने प्रार्थना भक्ति संगीत लेबल के साथ सहयोग की घोषणा की है, जो सनातन भक्ति संगीत को समर्पित है। टी-सीरीज और प्रार्थना भक्ति संगीत लेबल के बीच का यह सहयोग सनातन धर्म को समर्पित है। यह संगीत के माध्यम से भारत की कालातीत आध्यात्मिक परंपराओं को पुनर्जीवित करने का एक प्रयास है। इसके साथ टी-सीरीज गुलशन कुमार भजन परंपरा को आगे बढ़ाने का प्रयास करेगी। भक्ति संगीत की परंपरा को आगे ले जाने के अलावा 'प्रार्थना - द साउंड ऑफ सनातन' नई और उभरती हुई संगीत प्रतिभाओं को मंच भी देगा। यह लेबल सक्रिय रूप से नई आवाजों और संगीतकारों की तलाश करेगा और उन्हें बढ़ावा देगा जो भक्ति संगीत के प्रति लगाव रखते हैं। साथ ही भारत की संस्कृति को बढ़ाने के प्रयास में हैं। इस सहयोग को लेकर भूषण कुमार ने कहा, 'इस साझेदारी के जरिए हम अपने पिता गुलशन कुमार जी के भक्ति संगीत को सेवा के रूप में देखने के नजरिए का सम्मान करते हैं। हम एक ऐसी जगह बनाने के लिए उत्साहित हैं जहां परंपरा और नई प्रतिभा दोनों ही एक साथ रह सकें।*

### एक्टर के निधन पर काका ने कही थी दिल छू लेने वाली बात

## संजीव कुमार और राजेश खन्ना के बीच थी कोल्ड वॉर

*नई दिल्ली। राजेश खन्ना और संजीव कुमार हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के सबसे शानदार एक्टर्स माने जाते हैं। दोनों ने ही अपने कॅरियर की शुरुआत लगभग साथ में ही की थी। फिल्मी दुनिया के इस सफर में एक सुपरस्टार बन गया और दूसरा अलग और जानदार किरदारों से तारीफें बटोरता रहा। दोनों इंडियन थिएटर असोसिएशन से जुड़े हुए थे। नाटकों में काम कर रहे थे। एक ही समय के दो टॉप के एक्टर्स ,लेकिन दोनों के बीच न तो दोस्ती हुई और न ही दुश्मनी। हां, एक -दूसरे के व्यवहार से जरूर दिक्कतें होती थीं। इनके बीच की कोल्ड वॉर कभी खुलकर सामने नहीं आई।*

### राजेश की गर्लफ्रेंड से जुड़ा था संजीव का नाम



एक और रिपोर्ट के मुताबिक उन दिनों अंजू और संजीव कुमार के बीच अच्छा रिश्ता बन गया था, जिससे राजेश खन्ना को दिक्कतें होने लगी थी। इस बारे में खुद एक्ट्रेस ने अपने पुराने इंटरव्यू में बात करते हुए संजीव कुमार के साथ अपने रिश्ते को बेबुनियाद बताया था।

### संजीव कुमार को घमंडी लगते थे काका

रिपोर्ट के मुताबिक संजीव कुमार को राजेश खन्ना घमंडी लगते थे। दरअसल, ये वो वक्त था जब राजेश खन्ना की जिंदगी में एक्ट्रेस अंजू महेंद्रू थीं। काका अक्सर उनसे मिलने फिल्मों के सेट पर जाया करते थे। उन दिनों अंजू, संजीव कुमार के साथ फिल्म महंगा सौदा नाम की फिल्म में काम कर रही थीं। हर बार की तरह राजेश खन्ना, अंजू से मिलने सेट पर आते थे, प्रेमिका से मुलाकात करते और चले जाते थे। काका का ये बर्ताव फिल्म के सेट पर किसी को भी पसंद नहीं था। संजीव कुमार इन्हीं कुछ वजहों के चलते उन्हें घमंडी भी समझते थे।

### फिर भी साथ में किया काम

राजेश खन्ना और संजीव कुमार के बीच चल इस कोल्ड वॉर के बाद भी दोनों ने जीपी सिप्पी की फिल्म बंधन में साथ काम किया। दोनों एक-दूसरे के साथ प्रोफेशनल तारीके से पेश आए। ऐसी भी खबरें थीं कि फिल्म आनंद में अमिताभ बच्चन का किरदार संजीव कुमार निभाने वाले थे। लेकिन, राजेश खन्ना ने एक्टर की परफॉरमेंस के डर से वो रोल अमिताभ बच्चन को दिया गया। फिल्म आनंद के दौरान वाली इस घटना को उनकी गर्लफ्रेंड रही एक्ट्रेस अंजू महेंद्रू ने स्वीकार किया था। एक्ट्रेस ने बताया था कि राजेश खन्ना हमेशा से संजीव कुमार से इनसिक्योर महसूस करते थे। हालांकि, इसके बाद दोनों ने फिल्म आपकी कसम में साथ में काम किया था।

### अंतिम विदाई

ऐसी भी खबरें हैं की जब संजीव कुमार का निधन हुआ तो राजेश खन्ना अपनी सभी फिल्मों की शूटिंग छोड़कर उन्हें अंतिम विदाई देने पहुंचे थे। एक्टर ने संजीव कुमार के अंतिम विदाई के दौरान कहा था, 'मैं अपने प्रिय सहकर्मी को श्रद्धांजलि देने आया हूं। हरिभाई (संजीव कुमार) एक बेहतरीन एक्टर थे, एक एक्टर के एक्टर।'

## खबर संक्षेप



### शालीमार में इलेक्ट्रिक रॉड ले जाते पकड़ा गया युवक

**रायगढ़।** रेल सुरक्षा बल बिलासपुर मंडल द्वारा रायगढ स्टेशन में चेकिंग के दौरान गाडी संख्या 12152 शालीमार एलटीटी एक्सप्रेस के पेंट्रीकार में इलेक्ट्रिक रॉड का उपयोग करते हुए एक युवक को पकड़ा गया है। जिस पर रेलवे अधिनियम की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। रेलवे की मानें तो ट्रेनों में किसी भी प्रकार का ज्वलनशील, विस्फोटक पदार्थ जैसे गैस सिलेंडर, कैरोसीन, पेट्रोल, डीजल, इत्यादि सामान लेकर यात्रा न करें इससे बडी दुर्घटना संभावित हो सकती है। रेल यात्रा के दौरान अपने साथ स्टेशन, प्लेटफार्म अथवा यात्री गाडियों में ज्वलनशील, विस्फोटक सामानों को लेकर जाना रेलवे एक्ट की धारा 164 के तहत दण्डनीय अपराध भी है। ऐसा करते पाए जाने पर तीन साल तक का करावास एवं जुर्माना का प्रावधान है।

### पीईटी एवं पीपीएचटी प्रवेश परीक्षा 8 को

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 8 मई 2025 को पीईटी एवं पीपीएचटी प्रवेश परीक्षा का आयोजन होगा। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने परीक्षा के सफल संचालन हेतु डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा मोबा नं.97103-26488 को नोडल अधिकारी एवं सहायक परियोजना समन्वयक, रागा शिक्षा मिशन रायगढ़ मोबा नं. को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

## निधन

### डॉ. प्रभात पांडेय

**रायगढ़।** जिले के प्रतिष्ठित



शिक्षाविद् एवं बॉटनी शास्त्र के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. प्रभात पांडेय का 66 वर्ष की आयु में 6 मई को आकस्मिक निधन हो गया। वे शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदी बाजार से सेवानिवृत्त हुए थे।
डॉ. पांडेय, शासकीय किरोड़ीमल कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ की प्राचार्य डॉ. मनोरमा पांडेय के पति थे। वे हाईकोर्ट अधिवक्ता प्रशंसा पांडेय के पिता और प्रशांत पांडेय के बड़े भ्राता थे। अपने सेवाकाल में उन्होंने शैक्षणिक जगत में अनुकरणीय योगदान दिया और विद्यार्थियों के बीच एक प्रेरणास्रोत के रूप में प्रतिष्ठित रहे। उनके निधन से शैक्षणिक, सामाजिक और पारिवारिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। परिजनों के अनुसार उनकी अंतिम यात्रा आज 6 मई को दोपहर 12 बजे उनके निवास स्थान से प्रारंभ होकर पंजरी प्लांट मुक्तिधाम तक पहुंची, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### बद्री गुरूजी

**पुसौर।** 1969 से 2012 तक जिले



के कई स्कूलों में अपने शिक्षकीय कार्य को उत्कृष्ट रखने में सफल रहे नगर पंचायत पुसौर के वार्ड क्रमांक 11 में निवासरत सेवा निवृत्त शिक्षक बद्रीनारायण महाणा का निधन हो गया है। ये सेवा निवृत्ति के बाद अस्वस्थ चल रहे थे और अपने शिक्षक पुत्र विमल महाणा के देखरेख में उसके कार्य क्षेत्र कुनकुरी में रहते थे। इनके निधन होने के बाद उनके पार्थिव शरीर को पुसौर लाया गया जहां समूचे कसेर समाज एवं इष्ट मित्रों के लोगों की उपस्थिति में दाह संस्कार किया गया। सोशल मीडिया में भी लोग इनके निधन को लेकर गहरा दुख प्रकट कर रहे हैं। उनके निधन को नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहित सतपथी, उपाध्यक्ष उमेश साव, पार्षद बरूण महाणा, मंगल महाणा आदि लोगों ने अपूर्णीय क्षति बताई। जानकारी के मुताबिक ये करीब 76 वर्ष के थे जिनके सरल सहज और हंसमुख व्यक्तित्व का असर लोगों के बीच गहरा रहा। जिसके बदौलत उनके पढाये छात्र, सगे संबंधियों में शोक की लहर व्याप्त है।

### सफाई विभाग ने आईओडब्ल्यू को लिखा पत्र, शुरू हुआ सुधार कार्य

# निर्माण कार्य से फटी मुख्य पाइन लाइन ओवरफ्लो से प्लेटफार्म में फैली गंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

प्लेट फार्म नंबर दो में चल रहे निर्माण कार्य के दौरान टॉयलेट से अचैट पाइप लाइन फट गया। जिसकी वजह से टॉयलेट का सारा मल प्लेटफार्म में फैल गया। जिसके कारण गंदगी के साथ बदबू भी फैल रही है। हालांकि सफाई विभाग ने आईओडब्ल्यू को इसकी मरम्मत के लिए पत्राचार किया और बताया जा रहा है कि मरम्मत कार्य भी शुरू हो चुका है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते कुछ दिनों पहले प्लेट फार्म नंबर 2 व 3 में चल रहे निर्माण कार्य की वजह से टॉयलेट के सैप्टिक टैंक को जाने वाली मैन पाइप लाइन फट गई। ऐसे में टॉयलेट का सारा मल मूत्र व अपशिष्ट प्लेट फार्म में फैल गया। जिसकी वजह से यहां काफी गंदगी और बदबू फैल गई, ऐसे में यहां यात्रियों को ठहराना भी दूभर हो गया। जब इस बात की जानकारी सफाई विभाग को मिली तो उन्होंने पाइप लाइन डैमेज होने की सूचना आईओडब्ल्यू को दी। जानकारी के अनुसार निर्माण कार्य के दौरान पाइन लाइन फटने के बाद चूहों को भीतर दाखिल होने का रास्ता मिल गया, जिसकी वजह से कई सारे चूहे भीतर दाखिल हो गए और बिल बना किया। जिसकी वजह से नीचे की मिट्टी के कारण ब्लोकेज हो गया और सारा अपशिष्ट सैप्टिक में जाने के बजाए बाहर निकल गया।



ए ग्रेड रेलवे स्टेशन में पाइप लाइन फटने से बह रहा शौचालय का मलमूत्र।

#### चूहों ने मचाया आतंक

रेलवे स्टेशन में कई सारे चूहों का बिल आसानी से देखने को मिल जाता है। वे जमीन के भीतर जाकर नुकसान करते हैं। यह पहली बार नहीं है, जब ऐसा हुआ है। चूहों की वजह से साफ सफाई का काम कई बार बढ़ जाता है।

#### चल रहा मरम्मत कार्य

बताया जा रहा है कि करीब चार दिन पहले ही सफाई विभाग ने इस समस्या की जानकारी आईओडब्यलू को दे दी है। जिसके बाद आईओडब्ल्यू ने काम शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार आगामी एक दो दिनों के भीतर काम पूरा हो जाएगा।

#### यात्रियों को हुई परेशानी

बता दें कि जिस जगह पर यह टॉयलेट हैं वहां पर ज्यादातर ट्रेनों के जनरल कोच रूकते हैं। ऐसी स्थिति में इस गंदगी की बदबू से जनरल कोच के यात्रियों को काफी परेशान होते देखा गया। हालांकि अब इसे बंद कर दिया गया। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद पुनः खोले जाने की बात कही जा रही है।

## प्राथमिक शाला अमुर्रा के बच्चों ने टॉप टेन में बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया





केंद्रीयकृत परीक्षा परिणाम 2025 में प्राथमिक शाला अमुर्रा के कक्षा पांचवीं के बच्चों ने टॉप टेन में जगह बनाकर गांव परिवार व विद्यालय का नाम रोशन किया है।

विदित हो कि होनहार बालिका करिश्मा पटेल पिता नरसिंह पटेल नं 96.50 प्रतिशत अर्जित कर टॉप टेन सूची में पांचवें स्थान अपनी जगह बनाई है। इसी तरह होनहार बालक मानव चौहान पिता उपिन चौहान ने 96 प्रतिशत अर्जित कर टॉप टेन सूची में छठवां स्थान बनाया है। साथ ही गणित विषय में 50 पूर्णांक में 50 अंक अर्जित किया। बच्चों की इस उपलब्धि से शालेय परिवार माता पिता परिजन एवं पूरा गांव हर्षित है। उक्त जानकारी देते हुए प्रधान पाठक यदुमणी चौहान ने बच्चों को बधाई एवं आशीर्वाद दिया है। तथा बच्चों से यह अपील किया है कि सभी बच्चे समय का सदुपयोग करते हुए कक्षा में ध्यान केंद्रित करें और अच्छे अंक अर्जित करते हुए अपने उज्ज्वल भविष्य को मजबूत आधारशिला गढ़े।

### नौकरी की मांग को लेकर भू विस्थापितों का आंदोलन जारी

**जांजगीर-चांपा।** नौकरी सहित विभिन्न मांगों को लेकर भू विस्थापितों का तकरीबन 20 दिनों से जारी रहा। नौकरी सहित विभिन्न मांगों को लेकर मड़वा पॉवर प्लांट अंतर्गत आने वाले भू विस्थापित सोमवार 14 अक्टूबर से आंदोलन कर रहे है। 3 लाख 64 हजार रुपए में ली गई थी। भू-विस्थापितों को 2007 पुर्नवास नीति के तहत नौकरी एवं उनके सह खातेदारों को जब तक नौकरी नहीं दी जाती है, तब तक निर्वहन भत्ता दिए जाने का निर्णय लिया गया था, परन्तु अभी भी भू-विस्थापितों को नौकरी नहीं दी गई और नहीं निर्वहन भत्ता दिया जा रहा है।

## तमनार में सुशासन तिहार समाधान शिविर में सांसद राठिया हुए शामिल

**तमनार।** रायगढ़ जिले के केलो वनांचल आदिवासी बाहुल्य तहसील तमनार में सोमवार को सुशासन तिहार समाधान शिविर के तहत तमनार, बुडिया, कसडोल गोढ़ी सहित 12 ग्राम पंचायत के सैकड़ो ग्रामीणों का पूर्व में प्राप्त आवेदन 3726 में 3558 आवेदन का निराकरण किया गया। शिविर में 178 मांग एवं 8 शिकायत कुल 186 आवेदन प्राप्त हुए। समाधान शिविर में रायगढ़ लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया, भाजपा नेता नरेश शर्मा, राजेन्द्र ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य बंशीधर चौधरी, रमेश बेहरा, जनपद अध्यक्ष जागेश सिदार, गायत्री बेहरा, गीतांजली पटनायक, कन्हाई पटेल, भाजयुमो जिलाध्यक्ष विनायक पटनायक, भाजपा मंडल अध्यक्ष सरोज बेहरा, स्वरूप पटनायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं एसडीएम रमेश कुमार मोर, तहसीलदार विकास जिंदल, सीईओ संजय कुमार चंद्रा, विभागीय अधिकारी कर्मचारी गण शामिल हुए। बता दें कि सुशासन तिहार तीसरे चरण की शुरुआत 5 मई से 31 मई तक तमनार, हमीरपुर, चितवाही, धौराभांठा, सराईपाली, मिलूपारा में चलेगा। इस चरण में पहले चरण में प्राप्त आवेदनों के समाधान के साथ-साथ विभागीय योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है।



**सुशासन तिहार में लोगों की समस्याओं का हो रहा समाधान**

सांसद राधेश्याम राठिया ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप सरकार और जिला प्रशासन की सुशासन तिहार की पहल से गांव के किसान, महतारी व युवाओं के समस्याओं का शिविर में समाधान किया जा रहा है। शिविरों में विभागीय अधिकारी व्यक्तिगत रूप से आवेदकों से मिलकर न केवल पहले से प्राप्त आवेदनों पर कार्रवाई कर रहे हैं साथ ही मौके पर ही नए आवेदन भी स्वीकार कर उनका शीघ्र समाधान करने का प्रयास भी कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित विभिन्न विभागों के योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इनका लाभ उठा सकें।

### उचित मूल्य दुकान देवगांव के लिए मंगाए गए आवेदन

**रायगढ़।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत शासकीय उचित मूल्य दुकान देवगांव आईडी क्रमांक 412007051 के नवीन संचालन हेतु 14 मई तक आवेदन मंगाए गए है। इच्छुक संस्था समिति अपने पंजीयन प्रमाण पत्र एवं अन्य सुसंगत दस्तावेजों सहित दुकान संचालन हेतु निर्धारित प्रपत्र में अपना आवेदन अनुविभागीय अधिकारी रा घरघोड़ा जिला रायगढ़ में जमा कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। ग्राम पंचायत देवगांव तहसील तमनार रायगढ़ में शासकीय उचित मूल्य दुकान देवगांव का दुकान निरस्त होने के कारण उक्त दुकान वर्तमान में महलोई में संलग्न है। जिसके तहत देवगांव के दुकान को नवीन संचालन एजेंसी की नियुक्ति की जानी है। दुकान संचालन हेतु इच्छुक महिला स्व सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समिति, वृहदाकार आदि जाति बहुउद्देशीय सहकारी समिति लेम्पस, अन्य सहकारी समिति, ग्राम पंचायत, वन सुरक्षा समिति से आवेदन मंगाए गए है।

## बस स्टैंड में मारपीट करने वाले चार आरोपियों पर गैर जमानतीय धाराओं में अपराध दर्ज

■ कोतवाली पुलिस ने लिया एक्शन, आरोपियों को गिरफतार कर भेजा जेल

**रायगढ़।** केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड में यात्रियों से बेवजह झगड़ा और मारपीट करने वाले चार युवकों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया।



घटना बीते 3-4 मई की दरमियानी रात की है, जब कोतवाली पुलिस को बस स्टैंड पर उपद्रव की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम को दो युवक कुश वर्मा 21 वर्ष निवासी कृष्ण वाटिका बोईरदादर और एक 17 वर्षीय किशोर मिले, जिन्होंने चार आरोपियों पर झगड़ा मारपीट करने का आरोप लगाया।

पीड़ित कुश वर्मा ने बताया कि आरोपी मोहम्मद मकसूद उर्फ बिट्टू, अमित कुमार, ध्रुव ठाकुर उर्फ बिट्टू और कृष्णा यादव पहले से ही बस स्टैंड पर मौजूद थे और होटल में नाश्ता करने के नाम पर पैसे मांगते हुए गाली गलौच करने लगे। जब विरोध किया गया तो आरोपियों ने हथ मुक्कों और धारदार हथियार से हमला कर दिया। वहीं 17 वर्षीय किशोर ने बताया कि वह अम्बिकापुर से रायगढ़ पहुंचकर अपने चाचा का इंतजार कर रहा था, तभी चारों युवक उससे भी पैसे की मांग करने लगे और अपशब्द कहकर मारपीट शुरू कर दी।
दोनों पीड़ितों की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं। पहला मामला धारा 296, 351(2) 118(1)3(5) बीएनएस व 25 आर्म्स एक्ट तथा दूसरा मामला धारा 119(1) 298, 351(2) 115(2) 3(5) बीएनएस के तहत पंजीबद्ध किया गया है। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू भी जब्त किया गया है।
गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद मकसूद उर्फ बिट्टू 42 वर्ष निवासी दानीपारा रायगढ़, अमित कुमार 19 वर्ष निवासी केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड, शिवानगर रायगढ़, ध्रुव ठाकुर उर्फ बिट्टू 18.5 वर्ष निवासी रामगुड़ी तेलीपारा रायगढ़, कृष्णा यादव 24 वर्ष निवासी केवड़ाबाड़ी बस स्टैंडए शिवानगर रायगढ़ इनकी गिरफ्तारी में थाना प्रभारी निरीक्षक सुखनंदन पटेल, उप निरीक्षक ऐनु देवांगन, सहायक उप निरीक्षक राकेश शर्मा, प्रधान आरक्षक लोमेश राजपूत, आरक्षक मुरली पटेल, मनोज पटनायक, गोविंद पटेल ने अहम भूमिका निभाई।

## रूचिदा शिविर में निराकरण के साथ लिए गए नए आवेदन

**पुसौर।** सुशासन तिहार के बीच प्रत्येक पंचायतों तथा अन्य माध्यमों से लिए गए आवेदनों के निराकरण को संबंधित लोगों तथा आम जनता से साझा करने शासन द्वारा समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। बीते दिनों 15 पंचायतों में लिए गए आवेदनों के विरूद्ध ग्राम रूचिदा में समाधान शिविर आयोजित हुआ। प्रत्येक निराकृत आवेदन को संबंधितों को निश्चित ही जानकारी हो साथ ही नवीन आवेदन लिए जा सके, इसके लिए समूचा शासकीय अमला मौके पर तय समय सीमा में उपस्थित रहे। जिसमें सर्वप्रथम एसडीएम प्रवीण तिवारी, तहसीलदार नेहा उपाध्याय एवं उनका समूचा राजस्व अमला साथ ही सीईओ अभिषेक बनर्जी एवं उनके जनपद की टीम आदि के उपस्थिति में समाधान शुरूआत हुई। विभागों के स्टालों में लोगों के आवेदन लिए जाने लगे। इसी बीच मंच विभाग प्रमुखों द्वारा निराकृत आवेदनों को शिविर में शामिल लोगों को अवगत कराया जाता रहा। इसी बीच जनपद अध्यक्ष शिविर में उपस्थित हुई जिन्होंने मां भारती व छत्तीसगढ़ महतारी के तैलीय प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन किया और मंचासीन हुए।

## जल संरक्षण व संवर्धन के विषय पर जागरूकता शिविर आज

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में जिले के 7 विकासखण्डों में जल शक्ति अभियान जल संकल्प रायगढ़ अंतर्गत जल एवं भूमि संरक्षण व संवर्धन के विषय पर जागरूकता हेतु 7 से 21 मई तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। जल प्रहरी वाटर हीरो नीरज वानखड़े की उपस्थिति में 15 ग्राम पंचायतों में विभिन्न विभागों, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और जनसामाय की भागीदारी से जल संरक्षण गतिविधियों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने हेतु जोर दिया जाएगा। अभियान में वर्षा जल संचयनए जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन और जल संरक्षण तकनीकों को अपनाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। 7 मई को विकासखण्ड खरसिया ग्राम पंचायत बोतल्दा के सुशासन तिहार स्थल में शिविर का आयोजन होगा। इसी तरह 8 मई को विकासखण्ड रायगढ़ ग्राम पंचायत गोपालपुर के पंचायत भवन के पासए 9 मई को खरसिया के सरवानी में सुशासन तिहार शिविर स्थलए 10 मई को विकासखण्ड रायगढ़ ग्राम पंचायत तरकेला के शासकीय हाई स्कूल मैदान, 11 मई को विकासखण्ड रायगढ़ ग्राम पंचायत जुर्डा के माध्यमिक स्कूल मैदान, 12 मई को विकासखण्ड तमनार पंचायत भवन के पास, 13 मई को विकासखण्ड तमनार ग्राम पंचायत देवगढ़ के पंचायत भवन के पास, 14 मई को विकासखण्ड तमनार ग्राम पंचायत महलोई के पंचायत भवन के पासए 15 मई को विकासखण्ड धरमजयगढ़ ग्राम पंचायत खडग़ांव के सुशासन तिहार शिविर का आयोजन होगा।

## बिरहोर बस्ती का कलेक्टर ने किया मुआयना मूलभूत सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

■ कलेक्टर चतुर्वेदी ने धरमजयगढ़ के विभिन्न विकास कार्यों का किया निरीक्षण

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी आज धरमजयगढ़ के विभिन्न निर्माण कार्यों के साथ ही पूर्ण किए जा चुके कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत जितेन्द्र यादव भी उपस्थित रहे।
कलेक्टर चतुर्वेदी छाल धरमजयगढ़ के निर्माणाधीन सड़क निर्माण का निरीक्षण किया। उन्होंने ठेकेदारों को निर्देशित किया कि बारिश पूर्व सड़क निर्माण कार्य पूर्ण हो जाना चाहिए। उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए सड़क निर्माण को तीव्र गति के करने के निर्देश दिए। इस दौरान वह धरमजयगढ़ के ग्राम पंचायत जबगा के आश्रित ग्राम बलपेदा स्थित बिरहोर बस्ती के जनमन आवास का अवलोकन किया। मौके पर उन्होंने हितग्राहियों से चर्चा की। उन्होंने बिरहोर बस्ती में बाउण्ड्रीवाल, नाली, सीसी रोड, पेयजल जैसे मूलभूत सुविधाएं तत्काल स्वीकृत करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बिरहोर बस्ती बरपाली में जनमन योजना के तहत बने रोड का अवलोकन किया। उन्होंने रोड़ मार्किंग कार्य को अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश ठेकेदार को दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री चतुर्वेदी आदिम जाति बालिका छात्रावास का निरीक्षण किया एवं सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने छात्राओं के लिए खेल मैदान एवं सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने एवं मेनू में शामिल डाइट चार्ट अनुसार भोजन प्रदाय के निर्देश दिए। मौके पर उन्होंने निर्माणाधीन ओबीसी बालक छात्रवास का भी निरीक्षण किया।
उन्होंने ठेकेदार को बारिश से पूर्व फरूट फ्लोर के ढ़लाई के कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए।
इस अवसर पर एसडीएम धरमजयगढ़ धनराज मरकाम, एसडीओ पीडब्ल्यूडी गणेश शर्मा, आरईएस सब इंजीनियर रामकृष्ण पटेल, समीर विश्वाल, ईई पीएमजीएसवाय पंकज राठौर सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

#### आम बागवानी पहुंचे कलेक्टर

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी धरमजयगढ़ के ग्राम पंचायत गेरसा स्थित आम बागवानी के प्लांटेशन कार्यों को देखने पहुंचे। इस दौरान हितग्राही सिदार सिंह ने बताया कि मनरेगा के तहत एक हेक्टेयर में लगभग 110 नग अच्छे वेरायटी के आम एवं अमरूद के पौधे लगाए गए है। वर्तमान में पौधों के अंतराल में मूंगफल्ली के दो फसल ले चुके है जिससे अच्छी आमदनी हुई है। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कृषक से रासायनिक खाद का कम एवं जैविक खाद का अधिक से अधिक उपयोग करने हेतु कहा।

## 130 नग नशीली सीरप के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



**चांपा।** 130 नग नशीली कफ सीरप के साथ एक आरोपी को चांपा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जब्त नशीली दवा की कीमत 41 हजार रुपए बताई जा रही है। मामला चांपा थाना क्षेत्र के भोजपुर का है। इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप और एसडीओपी यदुमणि सिदार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जे.पी. गुप्ता के नेतृत्व में की गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि वार्ड क्रमांक 18 भोजपुर चांपा में आरोपी शहबाज अली कुरैशी अपने घर में अवैध रूप से नशीली सिरफ रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर रेड मारी और मौके से आरोपी को दबोच लिया। आरोपी के घर की तलाशी में एक हरे रंग की सफारी कंपनी की ट्रॉली बैग से 130 शीशियां ओनेरेक्स सिरफ और एक मोबाइल बरामद किया गया।थाना चांपा पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। इस रेड में थाना चांपा निरीक्षक जय प्रकाश गुप्ता, उनि बी.एस. लकड़ा, प्रधान आरक्षक अजय चतुर्वेदी, वीरेंद्र टंडन, पुष्पलता साहू, शंकर राजपूत, वीरेश सिंह, भूपेंद्र गोस्वामी, आदित्य प्रताप सिंह, सचिन एक्का समेत थाना स्टाफ शामिल रहा।

online Booking:-www.tripuryatra.com



23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त,11 सितम्बर, 03 अक्टूबर, 13 नवम्बर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन